सार-समाचार

जयपुर के आमेर में हुए हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर के आमेर क्षेत्र में दीवार गिरने से हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

भिवानी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी

जयपुर (कासं)। रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य के कारण भिवानी- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा को आंशिक रद्द किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09006, भिवानी- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 02.07.26 को भिवानी से प्रस्थान करेगी वह बोरीवली तक ही संचालित होगी। अर्थात बोरीवली-बांद्रा टर्मिनस के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

तकनीकी कार्य पुणे-जयपुर-पुणे रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी

जयपुर (कासं)। मध्य रेलवे द्वारा पुणे मण्डल के पुणे-लोनावला रेलखण्ड पर तकनीकी कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण जयपुर-पुणे-जयपुर रेलसेवा खडकी-पुणे-खडकी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 12940, जयपुर-पुणे रेलसेवा जो दिनांक 04.07.26 को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह खडकी तक ही संचालित होगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12939, पुणे-जयपुर रेलसेवा दिनांक 05.07.26 को पुणे के स्थान पर खडकी से संचालित होगी।

नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

1 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 6 केन्टर सामान जब्त किए

जयपुर (कासं)। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में लालकोठी टीनी टॉयज स्कूल, लालकोठी सब्जीमण्डी, लक्ष्मी मन्दिर, मालवीय नगर सेक्टर-1, हनुमान बगीची किसान कॉलोनी सांगानेर, दादा की फौज मुहाना गांव से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 1 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 6 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में ख्लालकोठी टीनी टॉयज स्कूल, लालकोठी सब्जीमण्डी, लक्ष्मी मन्दिर, मालवीय नगर सेक्टर-1, हनुमान बगीची किसान कॉलोनी सांगानेर, दादा की फौज मुहाना गांव से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 6 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 1 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

अक्षय पात्र संस्था ने स्कूलों को रंग रोगन से दिया नया कलेवर, चलाया सफाई अभियान

जयपुर (कासं)। अक्षय पात्र संस्था अपने सामाजिक योगदान के प्रति सदैव अग्रणी रही है ,एक बेहतर समाज की स्थापना के लिए संस्था समय समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करती है, इसी कड़ी में राजस्थान के स्कूलों को नई दिशा देने के लिए एक विशेष पहल की गई है । ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्ति पर है, बच्चों को अध्ययन के लिए बेहतर माहौल मिले इसके लिए संस्था के स्टाफ द्वारा स्कूलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अक्षय पात्र संस्था द्वारा राजस्थान के 11 जिलों के अनेक विद्यालयों में अपने स्टाफ के माध्यम से रंग-रोगन एवं विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है ।जिसमे विद्यालयों का रंग रोगन करके उन्हें एक नया रूप दिया जा रहा है, नए सत्र से राजस्थान के विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से कक्षाओं, दीवारों एवं परिसर को नया रूप दिया जा रहा है। अक्षय पात्र की यह पहल केवल स्वछता तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्था का उद्देश्य बच्चों को बेहतर एवं सकारात्मक शिक्षण वातावरण देना है । संस्था का मानना है कि स्वच्छ और सुंदर विद्यालय ही बच्चों के बेहतर भविष्य की पहली सीढ़ी हैं। स्थानीय ग्रामीणों, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने संस्था के इस सामाजिक दायित्व की सराहना करते हुए इसे शिक्षा और स्वच्छता की दिशा में एक अनुकरणीय कदम बताया है।

शहरी सेवा शिविर में आवेदन के कुछ ही समय बाद मिला मकान का पट्टा

जयपुर (कासं)। मनोहरपुरा के स्थानिया निवासी जगदीश नारायण शर्मा जी ने जगतपुरा जों में चल रहे शहरी सेवा शिविर कैंप में अपने मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया जगदीश नारायण जी ने बताया की आवेदन करने की कुछ समय पर पश्चात ही थी बिना किसी परेशानी के नगर निगम के पूर्ण सहयोग से उन्हें शहरी सेवा शिविर में नगर निगम प्रशासन द्वारा

उनके मकान का पट्टा तैयार कर प्रदान किया गया अपने मकान के पट्टे को प्राप्त कर जगदीश नारायण जी के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई उन्होंने अपनी प्रसननता व्यक्त करते हु नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं और राज्य सरकर द्वारा जनहित में चलाये जा रहे हैं इस प्रकार के अभियानों के प्रति अपनी संतुष्टि और प्रसननता व्यक्त की इसके लिए उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री महोदय और नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे हैं यह अभियान बहुत ही सराहनीय हैं इसके लिए जगदीश जी ने मुख्यमंत्री महोदय और नगर निगम प्रशासन का बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

'भारतीय ज्ञान परंपरा-पारंपरिक ज्ञान से आधुनिक शिक्षा, शोध और नवाचार' विषयक फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का राज्यपाल ने शुभारम्भ किया

प्राचीन ज्ञान का आधुनिक विज्ञान में समन्वय कर बनाएं समग्र विकास की राह: राज्यपाल

जयपुर (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि प्राचीन भारत में आठ लाख गुरुकुल थे। इनमें व्यावहारिक जीवन के लिए 18 विद्याएं और 64 कलाओं का ज्ञान विद्यार्थियों को दिया जाता था। गुरुकुल में समग्र जीवन से जुड़ा ज्ञान विद्यार्थियों को मिलता था। इसमें नैतिकता को सर्वोच्च स्थान दिया गया था। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति प्राचीन ज्ञान से आधुनिक विज्ञान के विकास के समन्वय से भारत के सर्वांगीण विकास से जुड़ी है। बागडे सोमवार को पूर्णिमा विश्वविद्यालय में विद्याभारती के सहयोग से आयोजित 'भारतीय ज्ञान परंपरा-पारंपरिक ज्ञान से आधुनिक शिक्षा, शोध और नवाचार' विषयक पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने 16 वीं शताब्दी में महाराणा प्रताप के दरबारी लेखक चक्रपाणी मिश्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने 'विश्व वल्लभ' ग्रन्थ लिखा। इसमें भू जल की खोज, मौसम की भविष्यवाणी, जल शुद्धिकरण, कुंड निर्माण, बावड़ियां और पर्यावरण संरक्षण की विरल जानकारिया हैं। उन्होंने कहा कि यह ग्रन्थ बागवानी, वृक्ष से संबंधित बीमारियां, उन्हें दूर करने के उपायों, कृषि वानिकी आदि की उन्नत तकनीक पर बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां लिए है। उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा की यही विशेषता रही है कि वह युगीन संदर्भों में ऐसी उपयोगी तकनीक से जुड़ी थी, जिसे आज आधुनिक विज्ञान कहा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली मुख्य रूप से वैदिक परंपरा थी। हमारे यहां शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों पर आधारित नहीं थी बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास से जुड़ी रही है। इसमें नैतिकता को सबसे अधिक प्रमुखता दी गई थी। उन्होंने कहा कि प्रभु राम ने भी गुरुकुल शिक्षा पद्धति से शिक्षा पाई। इसी से वह मर्यादा पुरुषोत्तम हुए। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र ने दशरथ से राम को आश्रमों में राक्षसों के उत्पात से बचाने के लिए मांग लिया था। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र ने ही सिखाया कि हिंसा का प्रतिकार कई बार जब उसी भाषा में नहीं दिया जाता तो हिंसा से ग्रस्त डरपोक समाज बनता है। हिंसा का प्रतिकार ही हमारे यहां अहिंसा का सर्वोत्तम मार्ग है।

राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजो ने जब देश पर शासन किया तब जो गजेटियर निकाले उनमें यह सामने आया कि हमारे देश में 8 लाख गुरुकुल थे। भारत तब बहुत बड़ा था। पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका आदि भारत में ही थे। गुरुकुल में शिक्षा निशुल्क थी। इनका खर्च आम जन के सहयोग से निकलता था। प्राचीन शिक्षा में ज्ञान मौखिक रूप में

अधिक प्रचलित था। श्रुति परंपरा के साथ शिष्य ज्ञान का श्रवण करते थे। उस पर चिंतन और मनन करते थे। व्यावहारिक जीवन के लिए 18 विद्याएं और 64 कलाएं थी। इनका ज्ञान विधार्थी पाते थे। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में समग्र ज्ञान दिया जाता था। शिक्षा कौशल से जुड़ी थी। उन्होंने रणकपुर के जैन मंदिरों का उदाहरण देते हुए कहा कि शिल्प में यह इसीलिए अद्वितीय है कि इसका निर्माण कला कौशल से हुआ था। राज्यपाल ने कहा कि लार्ड मैकाले ने इसीलिए भारत की शिक्षा पद्धति बदली कि यहां तब नैतिकता प्रबल थी। समृद्ध विरासत थी। अंग्रेजों ने इसलिए यह तरकीब निकाली की देश की शिक्षा पद्धति यदि बदल दी जाती है तो लंबे समय तक देश को गुलाम बनाए रखा जा सकता है। इसके अंतर्गत देश के उद्योग धंधे बंद कर दिए गए। देश के निवासियों को भूखे मरने पर बाध्य किया गया।

उन्होंने महर्षि कणाद की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने अणु परमाणु का ज्ञान सदियों पहले विश्व को दे दिया था परंतु आधुनिक विज्ञान में उनका नाम नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि दशमलव पद्धति का ज्ञान भारत से शुरू हुआ। इसी से दुनिया में गिनती प्रारम्भ हुई। उन्होंने कहा कि पश्चिम में टुकड़ों टुकड़ों में ज्ञान देने की परम्परा है वहीं भारत आरम्भ से ही समग्र ज्ञान के विज्ञान से जुड़ा रहा। प्राचीन भारत कला, चिकित्सा, धातुविज्ञान आदि सभी में अग्रणी था।

राज्यपाल ने बप्पा रावल की चर्चा करते हुए कहा कि अपने समय में उन्होंने अरबों को भारत से सौ साल के लिए खदेड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान में पिंडी यानी विश्राम किया था। उनके नाम से फिर रावल पिंडी नगर बसा था। उन्होंने महर्षि अरविंद घोष के चिंतन आलोक में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, संयम और शांति के साथ नैतिक मूल्यों को बढ़ाए जाने का आह्वान किया।

पश्चिम रेलवे
अहमदाबाद मण्डल
शुद्धिपत्र
ई-निविदा सूचना सं. 1, 2026-27 में शुद्धिपत्र
निविदा सं. CWMCPOHADI2026-27-3
कार्य का नाम : CPOH अहमदाबाद अंतर्गत 120 ट्रैक मशीनो की 03 वर्ष के लिए POH संबद्ध मरम्मत ।
संशोधित विज्ञापन NIT लागत : ₹ 1,35,86,57,615.03/- **संशोधित ईएमडी लागत रु. में:** ₹ 2,71,73,200.00/- **संशोधित निविदा बंद होने एवं निविदा खुलने की तारीख:** दिनांक 31/07/2026 को 15:00 बजे एवं दिनांक 31/07/2026 को 15:15 बजे, **IREPS पर निविदा अपलोड करने की तारीख:** 09/06/2026, **शुद्धिपत्र जारी करने की तारीख: 27/06/2026** ADI-083
हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

उपमुख्यमंत्री ने संयुक्त सचिव शर्मा को राज्य स्तरीय पी. सी. महालनोबिस पुरस्कार-2026 से किया सम्मानित

जयपुर (कासं)। 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सार्वजनिक वित्त एवं सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण योगदान के लिए राजस्थान शासन सचिवालय के संयुक्त सचिव (बजट) श्रीकृष्ण शर्मा को राज्य स्तरीय पी. सी. महालनोबिस पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान श्रीकृष्ण शर्मा को सांख्यिकी के प्रभावी एवं नवाचारपूर्ण उपयोग के माध्यम से लोक वित्त (Public Finance), पूल बजट (Pool Budget) तथा विषयगत बजट (Thematic Budgets), विशेष रूप से ग्रीन बजट (Green Budget) के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, साक्ष्य-आधारित वित्तीय नीति निर्माण तथा परिणामोन्मुख बजट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदान किया गया।

श्रीकृष्ण शर्मा वर्तमान में राजस्थान शासन सचिवालय में संयुक्त सचिव (बजट) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने राज्य में डेटा-आधारित वित्तीय प्रबंधन, विषयगत बजटों के विकास तथा पर्यावरणीय दृष्टिकोण को बजट प्रक्रिया से जोड़ने के लिए ग्रीन बजट जैसी अभिनव पहलों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शर्मा द्वारा राजस्थान की अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक वित्त एवं बजट प्रणाली पर आधारित तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों का लेखन किया गया है, जो विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों तथा नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी संदर्भ ग्रंथ हैं। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है तथा वे इसे राजस्थान सरकार, वित्त विभाग, अपने वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगियों एवं मार्गदर्शकों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान मानते हैं।

उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी डेटा-आधारित सुशासन, वित्तीय पारदर्शिता, नवाचारपूर्ण बजट सुधारों, ग्रीन बजट तथा 'विकसित राजस्थान @2047' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
isarc
(ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ('AIIL') की सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय: द रूबी, 11वीं मंजिल, उत्तरी-पश्चिमी विंग, प्लॉट नंबर 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर वेस्ट, मुंबई- 400028
दिनांक 05.06.2026 की सार्वजनिक सूचना का शुद्धिपत्र
दिनांक 05.06.2026 के SARFAESI ई-नीलामी/विक्रय सूचना के संबंध में यह शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, जो 06.06.2026 को द बिज़नेस स्टैंडर्ड एवं प्रातःकाल समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी। उक्त सूचना के अनुसार 30.06.2026 को निर्धारित ई-नीलामी के अंतर्गत श्री अरविंद सिंह चौहान पुत्र श्री सुमेर सिंह के नाम स्थित वाणिज्यिक भूखंड संख्या सी-01, जो खसरा संख्या 602 से 605, 700, 701, 703, 704, 707, 1178/702 एवं 698, विनायक नगर, किस्मीदेसर, बीकानेर, राजस्थान - 334001 में स्थित है तथा जिसका क्षेत्रफल 3516.63 वर्गमीटर है, और जो गिरिधर होटल एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ('ऋणी') के ऋण खाते से संबंधित है, उसके विक्रय हेतु जारी उक्त ई-नीलामी/विक्रय सूचना एतद्द्वारा वापस ली जाती है तथा निरस्त की जाती है।
दिनांक: 29-06-2026 स्थान: मुंबई
हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी

JAIPUR METRO RAIL CORPORATION LIMITED
(A Govt. of Rajasthan undertaking)
Room No. 314, 2nd & 3rd Floor, Administrative Building, Metro Depot, Bhrigu Path, Mansarovar, Jaipur-302020 Tel. No. 0141-2822755 & 2822106 (O);
E-mail: edca@jaipurmetrorail.in & edst@jaipurmetrorail.in
JAIPUR METRO
NOTICE INVITING BID Date :- 24/06/2026
JMRC invites online open competitive e-Bids from reputed and eligible bidders/contractors/suppliers for the NIB as mentioned below.
1. RFP No. F.1 (R-312) /JMRC /DC /Rev. /Train Wrapping /2026-27/01, Date: 25.06.2026 "Licensing of Exclusive Rights for Advertisement Outside Jaipur Metro Train (Train Wrapping) with estimated cost of Rs. 1, 23, 77,837 for one Train." All interested bidders may attend pre-bid conference on 03.07.2026 (11:00 Hrs) at the office. Last date for submission of bids is up to 20.07.2026 (12:00 Hrs). (UBN : JMR2627SLOB00030)
2. No. JMRC/O&S/S&T/NIB/2026-27/08 "Creation of PIDS/PAS server cluster of OCC phase-1A at Jaipur Metro Rail Corporation Ltd.." With estimated cost ₹ 71,98,000. Scheduled Last Date and Time for Submission of Bids is 20.07.2026 by 18:00 Hrs. (UBN : JMR2627WSOB00029)
Please visit JMRC website **https://transport.rajasthan.gov.in/jmrc,** SPPP Portal **https://sppp.rajasthan.gov.in or https://eproc.rajasthan.gov.in** for all Corrigendum/clarification/addendum.
Raj.Samwad/C/26/5862 **Bid Inviting Authority**
प्रदूषण रहित, सस्ता, सुरक्षित एवं आरामदायक सफर - जयपुर मेट्रो

सीआईडी क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

12 साल तक पुलिस को चकमा देता रहा, लेकिन आखिरकार कानून के शिकंजे में आया 20 हजार का इनामी बदमाश

जयपुर (कासं)। अपराध चाहे कितना भी पुराना क्यों न हो, कानून की पकड़ से हमेशा के लिए बच पाना संभव नहीं होता। यही साबित कर दिखाया है सीआईडी क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय, राजस्थान की स्पेशल टीम ने, जिसने करीब 12 वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अपराधी चिरायु गुप्ता को आखिरकार बांसवाड़ा से दस्तयाब कर लिया।

यह कार्रवाई अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध बिपिन कुमार पाण्डेय के निर्देशन और उपमहानिरीक्षक पुलिस राशि डोगरा डूडी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा अग्रवाल के सुपरविजन में संचालित राज्यव्यापी अभियान के तहत की गई। महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन-2 की प्रभावी क्रियान्विति में सीआईडी

(सीबी) पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम ने बांसवाड़ा एसपी सुधीर जोशी से समन्वय कर जिला पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर इस सफलता को अंजाम दिया। यह कहानी वर्ष 2014 की है। बांसवाड़ा निवासी एलआईसी एजेंट मनीष संचावत को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने एलआईसी पॉलिसी करवाने के बहाने उन्हें शाम छह बजे बाबजी गार्डन के पास मिलने बुलाया। मनीष अपनी कार लेकर तय स्थान पर पहुंचे। वहां दो युवक उनकी कार में बैठे और कुछ ही पलों में उनकी कनपटी पर पिस्तौल तान दी। कार को उदयपुर रोड की ओर मोड़ दिया गया। रास्ते में बदमाशों ने उनसे नगदी, मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया। चिड़ियावासा के पास मौका मिलते ही मनीष ने चलती कार से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद बदमाश मौके पर कुछ सामान छोड़ गए, जिसके आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान चिरायु गुप्ता, मोहित गुप्ता और दिवेश के रूप में की। वारदात के तुरंत बाद तीनों फरार हो गए और वर्षों तक पुलिस की पहुंच से दूर रहे। फरारी के दौरान चिरायु गुप्ता लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। वह लंबे समय तक देहरादून (उत्तराखण्ड) और पंचकूला (हरियाणा) में रहकर पुलिस से बचता रहा। उसकी गिरफ्तारी पर बांसवाड़ा पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

राजस्थान पुलिस का विशेष ट्रैफिक प्रवर्तन अभियान जारी

जयपुर (कासं)। राजस्थान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, वाहनों पर अनाधिकृत रूप से रसूख दिखाने वाले और वीआईपी कल्चर को बढ़ावा देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस का विशेष प्रवर्तन अभियान सख्ती के साथ जारी है। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार तथा महानिदेशक पुलिस यातायात अनिल पालीवाल के सुपरविजन में पूरे प्रदेश में यह व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. मीणा के अनुसार, दिनांक 4 जून से 28 जून 2026 तक चले 25 दिवसीय विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अब तक रिकॉर्ड 1,92,513 वाहनों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात) डॉ. बी. एल. मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक 1,92,513 यातायात नियम उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India
निलामी सूचना
विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.07.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.
गिरवियों की सूची :
अलवर, डीग, 0137490700003772, 0137490730018848, हनुमान सर्कल अलवर, 0138330700005163, मनुमार्ग अलवर, 0112140730074086, 4089, 4295, रोड़ नंबर 2 अलवर, 0112110700033852, 3853, 0112110730077794, 7795, दौसा, बांदीकुई, 0137480730046616, दौसा राजस्थान, 0135460730046895, जयपुर, बागड़ू राजस्थान, 0135320700016476, भानकरोता जयपुर , 0123660700019832, ब्रह्मपुरी जयपुर, 0111150700037000, 7042, 0111150730035986, चोमू, 0135080700014684, 0135080730029586, जगतपुरा जयपुर, 0111450700027840, जयपुर सिंधी कैंप, 0102820700024498, 4500, जोतवाडा, 0104600700729715, कुन्ता चौराहा जयपुर, 0123650700035360, मानसरोवर, 0110440700023237, 3259, 3305, 0110440730030877, 1086, 1137, 1199, 1305, मुरलीपुरा जयपुर, 0119460730095202, 5237, प्रताप नगर जयपुर, 0114240730037933, 7964, राजापार्क जयपुर, 0120050700020716, 0778, 0120050730042321, रामनगर शॉपिंग सेंटर, 0127350730045638, 5691, सांगानेर, 0104670700049090, 0104670730033885, सांगानेर आर जे, 0136230730021494, 1680, शाहपुरा, 0116740730030991, 1287, 1288, शास्त्री नगर जयपुर, 0110520730029561, श्याम नगर, 0109820700019199, विजयपथ मानसरोवर , 0124180730036779, वि के ए ए जयपबर, 0110640700048163, 9438, 0110640730057706, 8208, 8211, वैशाली नगर जयपुर, 0111120700020403, 0429, 0111120730036288, झुंझुनू, झुंझुनू रोड नं. 1, 0116750700033617, 3635, 3658, 0116750730043572, पिलानी राजस्थान, 0135490700017072, 7115, 7125, 8272, टोंक, अग्रसेन सर्कल, 0113310730036733,
ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।
अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर वंचित बच्चों को पिला रहे पोलियो की खुराक

जयपुर (कासं)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है, जो पहले दिन किसी कारणवश पोलियो की खुराक से वंचित रह गए थे।

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्यकर्मी, आशा सहयोगिनी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समन्वय के साथ प्रत्येक घर तक पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाना सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना है।

शहरी सेवा शिविर में 304 जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी

जयपुर (कासं)। नगर निगम द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 जून 2026 से 15 जुलाई 2026 तक 'शहरी सेवा शिविर 2026' का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जगतपुरा/झालाना जोन में जगतपुरा जोन कार्यालय, नन्दपुरी अण्डरपास में षिविर आयोजित किया गया। मंगलवार को झोटवाड़ा/वैषाली नगर जोन में सामुदायिक केन्द्र, तारानगर-डी, झोटवाड़ा में शिविर आयोजित किया जायेगा।

नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि ''शहरी सेवा शिविर-2026'' के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जायेगा। इन षिविरों का मुख्य उद्देष्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को समस्त सेवाऐं उपलब्ध करवाने तथा उनसे संबंधित अन्य प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर नागरिकों को राहत प्रदान करना है जिसके लिये नगर निगम द्वारा भी आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिष्चित किया जायेगा।

शिविर में आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिये बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

शिविर में चिन्हित समस्याओं लंबित प्रकरणों में प्राप्त आवेदनों, प्रार्थना पत्रों, सुझावों का तत्परता से समाधान व निस्तारण जा रहा है। आमजन की सुविधा एवं जानकारी हेतु शिविरों में हेल्प डेस्क भी लगायी गई है।

शिविरों में मिल रही आमजन को तत्काल राहत:-

जगतपुरा/झालाना जोन में शिविर में आये हुये जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन के 309 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से 304 आवेदनों के ही प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए गए। नगरीय विकास कर के 3 आवेदनों से 6 लाख 44 हजार रूपये नगरीय विकास कर जमा करवाये।

पिरामल फाइनेंस लिमिटेड
Piramal Finance
CIN:L65910MH1984PLC032639
पंजीकृत कार्यालय: वुमिट 601, 6वीं मंजिल, पिरामल अजिली बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर (पश्चिम), मुंबई-400070 -r +91 22 3802 4000
शाखा कार्यालय: प्लॉट नंबर-6, बर्कोक ए, सेक्टर-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201 301
संपर्क व्यक्ति : 1. पिरामल फाइनेंस लिमिटेड - 022-69482444
ई-नीलामी बिक्री सूचना – प्रतीकात्मक नई बिक्री
पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के अधिकृत अधिकारी द्वारा **वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002** के तहत उधारकर्ता/उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्ति पर कब्जा लेने के बाद, अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे वर्णित अचल संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, **जो कि 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो भी है' और 'जो कुछ भी है जो भी है' के आधार पर है,** जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

कर्ज कोड/शाखा/ कर्जदार/ सह-कर्जदार / गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	संपत्ति का पता -अचिन्ह	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10%)	बढ़ाया राशि (24-06-2026)
लोन कोड नंबर: 27400000267, मिवाड़ी (बांच), शीशराम रावत (उधारकर्ता), सरोज देवी (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांक: 30-01-2023, रु. 15,22,930/-, (पंद्रह लाख बाईस हज़ार नौ सौ तीस रुपये मात्र)	संपत्ति का पूरा हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल इस प्रकार है: प्लॉट नंबर- ए-68 ए अवनी ग्रीन्स एनए गांव शहबाब गांव शहबाब अलवर बाईपास रोड अलवर राजस्थान 301019	2480000/- रुपये, (केवल चौबीस लाख अस्सी हज़ार रुपये)	रुपये 248000/-, (दो लाख अड़तालीस हज़ार रुपये मात्र)	रु. 27,20,709/-, (सत्ताईस लाख बीस हज़ार सात सौ नौ रुपये म